खनन नीति और ई-चेक गेट प्रणाली दूसरे राज्यों के लिए नजीर

देहरादून : खनन गतिविधियों की निगरानी, पारदर्शिता और राजस्व नियंत्रण के लिए उत्तराखंड में लागू खनन नीति और ई-चेक गेट प्रणाली दूसरे राज्यों के लिए नजीर बन रही है। यही कारण है कि अब छत्तीसगढ़ के खनन विभाग ने उत्तराखंड की इस व्यवस्था का अध्ययन शुरू किया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ से तीन सदस्यीय अधिकारियों का दल देहरादून पहुंचा और भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय में सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक राजपाल लेघा से मुलाकात की। इस दौरान दल ने उत्तराखंड की खनन नीति, नियमावली और एमडीटीएसएस योजना के अंतर्गत स्थापित ई-चेक गेट प्रणाली की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी ली। (राव्यू)